## महत्वपूर्ण एवं खास

### उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले में रेलिंग तोड़कर नहर में गिरी कार, 5 लोग लापता



उन्नाव। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक तेज रफ्तार कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार से पांच लोग लापता हो गए। हादसे की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और रेस्क्यू टीम ने नहर में तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि हादसे के बाद कार नहर से निकाल ली गई है, जबकि कार सवार युवक लापता है। जानकारी के अनुसार, हादसा उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गोस कुतुब नहर के पुल पर हुई है। घटना देर रात की बताई जा रही है।

### 4 सेना कर्मियों पर छेड़छाड़-रेप का केस, पुणे मिलिट्री हॉस्पिटल की घटना

पुणे। पुणे के खड़की मिलिट्री अस्पताल में तैनात सेना के चार जवानों के खिलाफ रेप के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. पीड़ित महिला ने एक एनजीओ की मदद से इंदौर में मामला दर्ज कराया है. रक्षा मंत्री और सेना प्रमुख को इस बाबत एक चिट्ठी भेज दी गई है.

### शिक्षक के पास मीले 10 लाख नकद, पुलिस जांच में जुटी

गरियाबंद (आरएनएस)। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के द्वारा अवैध रूप से राशि शराब और अन्य सामाग्री जो मतदाताओं को लुभाने के लिए उपयोग में लाया जाता है उन पर रोक लगाने के लिए नाका के साथ उड़न दस्ता टीम का गठन भी किया गया है जो जिले के ओडिसा सीमा पर आज एक टीचर के पास से 10 लाख रुपये बरामद किए है ,प्राप्त जानकारी के अनुसार ओडिसा का शिक्षक 10 लाख रुपये बाइक की डिक्की में लेकर आ रहा था, देवभोग के ओड़िसा सीमा में तैनात जांच दल ने जांच के दौरान उक्त रकम के बारे में शिक्षक से पूछताछ किया परन्तु शिक्षक के द्वारा जांच दल को रकम के बारे में उचित जवाब नही दिया न ही कोई वैधनिक दस्तावेज दिखाया, जिसके चलते शिक्षक द्वारा रखें रकम को जप्त कर पुलिस ने नोटिस थमाया।

### सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने पर 1200 रू. का अर्थदण्ड

कोरबा (आरएनएस)। निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ. संजय तिवारी ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों व मार्गो में कचरा फेंकने पर टी.पी.नगर क्षेत्र में 04 व्यक्तियों पर 1200 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित करते हुए अर्थदण्ड की राशि की वसूली की गई, साथ ही लोगों को समझाईश दी गई कि वे घरों, दुकानों आदि से निकले हुए कचरे को सार्वजनिक स्थानों पर कदापि न फेंके, सूखे व गीले कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें एवं डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु आने वाले सफाई मित्र के वाहन में ही कचरे को डालें, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर निगम द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है, अतः किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए कचरे को सार्वजनिक स्थानों, मार्गो में न डालें, नगर को साफ-सुथरा रखने में अपनी सहभागिता दें।

### शादी का प्रलोभन देकर युवती से बलात्कार

रायपुर (आरएनएस)। शाररिक आकर्षण में युवक-युवती संबंध बनाने के बाद शादी करने के लिए एक दूसरे पर अक्सर दबाव बनाते हैं। इस तरह के मामलों में युवती की शिकायत पर प्रेमी युवक के खिलाफ बलात्कार का जुर्म दर्ज किया जाता है। इसी तरह थाना गंज में धारा 376 तहत के प्रार्थीया उम्र 30 साल निवासी रायपुर ने मंगलवार को रात 10.30 बजे रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना 01 मार्च 2017 से 30 अप्रैल 2017 के मध्य घटना स्थल साईनगर गंज में आरोपी सुब्रत राउत निवासी चक्रधर नगर ने शादी का प्रलोभन देकर युवती से संबंध बनाया। आरोपी युवक पेशे से सिविल इंजिनियर एम.एस.पी.पावर प्लांट जामगांव थाना चक्रधरनगर ने शाररिक संबंध बनाने के बाद शादी करने से इंकार करने लगा है।

### भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना के साथ सेल्फी, दो कर्मचारी निलंबित

बीजापुर। भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना के साथ सेल्फी लेने पर बस्तर के एक शिक्षक और बाबू को महंगा पड़ गया। तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बीजापुर कलक्टर ने यह फैसला सुनाया है। बताया जा रहा है कि, कुल 9 कर्मचारियों के खिलाफ नोटिस जारी हुआ था। आचार संहिता का उल्लंघन का हवाला देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दोनों कर्मचारी को निलंबित किया है। इस मामले में साथ ही 7 अन्य कर्मचारियों को नोटिस दिया गया था लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर सुरेश रैना 7 अक्टूबर को नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर पहुंचे थे। उन्होंने 7 से 11 अक्टूबर तक होने वाली डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ किया था। साथ ही स्थानीय खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट भी खेला था। इसी दौरान उनके साथ सेल्फी लेने का दौर भी चला।

# आधी रात नुआपाड़ा के निकट ट्रक-बोलेरो में भिड़ंत : दस की मौत

## डॉ. परिवार के साथ ही सरपंच, भाजपा मंडल अध्यक्ष की मौत

सरायपाली-रायपुर (आरएनएस)। नुआपाड़ा के निकट बीती रात ट्रक और बोलेरो में हुई जोरदार भिड़ंत में बोलेरो सवार 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद यहां तड़के तक जाम की स्थिति बनी रही। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हादसा कल रात करीब 1 बजे के आसपास नुआपाड़ा के निकट हुआ। बोलेरो में सवार ग्राम बल्टीडीह निवासी डा. दिनेश डड़सेना अपने परिवार सहित ग्राम कोमना स्थित माता के मंदिर गए थे। यहां दर्शन-पूजन के पश्चात पूरा परिवार वापस लौट रहा था। इसी दौरान नुआपाड़ा



के निकट उनकी बोलेरो वाहन सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक से भिड़ गया। हादसे में डा. दिनेश डड़सेना के साथ ही उसकी पत्नी चांदनी, दो बच्चे भारतीय और धनंजय की भी मौके पर मौत हो गई। सूत्रों की माने तो डा. डड़सेना के परिवार के साथ ही सांकरा के भाजपा मंडल का अध्यक्ष सुरजीत सिंह पप्पू भी इस हादसे में अकाल काल का ग्रास बन गया। बताया जाता है कि ग्राम बल्दीडीह के सरपंच मेघनाथ निषाद के साथ ही ग्राम अंसुला के मुकेश अग्रवाल, सांकरा के घनश्याम नेताम और उसकी बहन दिलेश्वरी नेताम की भी मौत हो गई। अब तक के मिली जानकारी के अनुसार इस भीषण सड़क हादसे में बल्दीडीह के पांच लोगों की, सांकरा के 2 लोगों की तथा ग्राम अंसुला के 1 व्यक्ति की मौत हुई है। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव नुआपाड़ा जिला अस्पताल रवाना कर दिया था, यहां आज पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंपा जाएगा। इधर हादसे के बाद नुआपाड़ा मुख्य मार्ग में सुबह तक जाम की स्थिति बन गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन भी बड़ी संख्या में घटना स्थल पहुंचते रहे, यहां मची चीख-पुकार के बीच पुलिस ने किसी तरह व्यवस्था संभाला हुआ था।

## अभ्युक्त या अपराधी होने पर प्रत्याशी को नामांकन पत्र, समाचार पत्र, टीवी चैनल और पार्टी की वेबसाइट पर देनी होगी जानकारी

रायपुर (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए नए निर्देश के अनुसार विधानसभा चुनाव में सभी प्रत्याशियों को नाम निर्देशन पत्र भरते समय शपथ पत्र के साथ अपने अपराधिक प्रकरणों के संबंध में सूचना देनी होगी। उसे यह सूचना समाचार पत्रों, टीवी चैनलों और पार्टी की वेबसाइट पर देनी होगी। राजनैतिक पार्टी की भी यह बाध्यता रहेगी कि वह पार्टी की ओर से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी के अनिर्णित आपराधिक प्रकरणों के संबंध में पार्टी की वेबसाईट पर इसे प्रदर्शित करे। उल्लेखनीय है कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने यह निर्देश




जारी किए हैं। इसके अंतर्गत ऐसे प्रत्याशी जिनके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज है, चाहे न्यायालय में वे प्रकरण अनिर्णित हैं अथवा ऐसे प्रकरण जिसमें किसी प्रत्याशी को अपराधी ठहराया गया हो, उन्हें नाम निर्देशन पत्र में विहित निर्धारित प्रारुप में बहुप्रसारित समाचार पत्रों में कम से कम तीन अलग-अलग तिथियों में जानकारी प्रकाशित करना होगा। यह जानकारी प्रत्याशियों के नाम वापस लेने की तिथि से मतदान की तिथि के दो दिन पहले तक प्रकाशित कराना होगा। समाचार पत्र में आपराधिक प्रकरणों के संबंध में जानकारी 12 फोन्ट साईज में होना चाहिए ताकि आम जनता प्रत्याशी उसे आसानी से पढ़ सके।

## 4 को मायावती का आना तय, पर जगह निश्चित नहीं

दुर्ग (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमों मायावती 4 नवंबर को दुर्ग आएंगी। यहां होने वाली आम सभा में शामिल होंगी। इसके माध्यम से वे जनता कांग्रेस व बसपा के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगेंगी। उनका आगमन लगभग तय हो गया, लेकिन आयोजन स्थल को लेकर अब भी संशय बरकारार है। दुर्ग विधानसभा में 3 जगहों पुलिस ग्राउंड, रविशंकर स्टेडियम या पुरानी गंजमंड़ी पर सभा को लेकर विचार किया जा रहा है। वहीं भिलाई विधानसभा में जयंती स्टेडियम या फिर हुडको में कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर चर्चा है। मायावती का यह



दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है।

जनता कांग्रेस व बसपा के गठबंधन के बाद भिलाई नगर विधानसभा से बसपा का प्रत्याशी मैदान में उतर रहा है। इधर दुर्ग में जनता कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप मध्यानी मैदान में है। वही वैशालीनगर से मनोज पांडेय जनता कांग्रेस से प्रत्याशी है। मायावती के साथ जनता कांग्रेस प्रमुख अजीत जोगी भी आयोजन में शामिल होंगे।

## सड़क हादसे में दस की मौत : मुख्यमंत्री ने जताया शोक

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने नुआपाड़ा में बीती रात हुए सड़क हादसे में दस दर्शनार्थियों की मौत पर गहरा दुख जताते हुए शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना जताई है।

मृतक सांकरा, बल्दीडीह और ग्राम अंसुला के रहने वाले थे। सभी दर्शनार्थी नुआपाड़ा के निकट स्थित कोमना गए हुए थे और यहां मंदिर में दर्शन-पूजन करने के पश्चात बोलेरो वाहन में वापस लौट रहे थे।

## प्रदेश में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी

**पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने दाखिल नहीं किया नामांकन**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन के पहले चरण के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो गई। पहले दिन 18 विधानसभा सीटों के लिए किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 सीटों के लिए तथा राजनांदगाँव जिले की 6 सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 18 सीटों के लिए 23 अक्टूबर तक नामांकन भरे जा सकते हैं। 24 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 26 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

प्रथम चरण के लिए 12 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 11 दिसंबर को होगी।

## दुर्गा अष्टमी पर माता के दरबार में भक्तों की लगी कतार

**आज महामाया सहित अनेक मंदिरों में होगा अष्टमी हवन**

रायपुर (आरएनएस)। नवरात्र के आठवें दिन आज शहर के अनेक मंदिरों में आज अष्टमी के अवसर पर सुबह से ही भक्तों की कतार माता के दर्शन के लिए कतार लगाए मिली। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधि ने पाया कि लगभग शहर के सभी मंदिरों में माता के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रध्दालु कतार लगाए अपनी बारी का इंतजार करते मिले। दंतेश्वरी मंदिर, काली माता मंदिर आकाशवाणी रायपुरा शक्ति नगर, मरही माता मंदिर, शीतला माता मंदिर पुरानी बस्ती आमापारा, कंकाली माता मंदिर



कंकालीपारा, मौली माता मंदिर तेलीबांधा, बंजारी मंदिर एवं अन्य सभी दुर्गा मंदिरों सहित शहर के चौक चौराहों के पंडालों में अष्टमी हवन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। महामाया मंदिर में आज सुबह 11 बजे से हवन प्रारंभ हो गया है। 3 बजे महाआरती का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही महामाया मंदिर के पुजारी के अनुसार ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया है। अर्धरात्रि में नवमी तिथि पर मंदिर परिसर में स्थित कुंड में जंवारा ज्योति कलश का विर्सजन किया जायेगा। इसी तरह सतबहनिया मंदिर बंधवापारा पुरानी बस्ती में नवमीं तिथि पर 129 ज्योति कलश का विधिवत पूजन के साथ विर्सजन किया जायेगा।

## योजनाबद्ध तरीके से उपवास रखना मधुमेह के रोग में हो सकता है फायदेमंद

समय-समय पर योजनाबद्ध तरीके से उपवास रखने से टाइप 2 प्रकार के मधुमेह रोग में मरीज को फायदा पहुंच सकता है। ऐसा करने से चिकित्सक तीन मरीजों में इंसुलिन की जरूरत को कम करने में सफल रहे हैं। टाइप 2 मधुमेह में यूं तो जीवनशैली में बदलाव करने से फायदा मिलता है लेकिन ऐसा करके हमेशा ही रक्त शर्करा स्तर को नियंत्रण में रख पाना संभव नहीं है। कनाडा के टोरंटो विश्वविद्यालय और स्कारबोरो अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक 40 से 67 वर्ष के आयुवर्ग के तीन व्यक्तियों ने योजनाबद्ध तरीके से उपवास रखा। ये मरीज रोग पर नियंत्रण के लिए कई दवाइयां ले रहे थे और इंसुलिन भी नियमित



रूप से ले रहे थे। टाइप 2 मधुमेह के अलावा वह उच्च रक्तचाप तथा उच्च कोलेस्ट्रॉल की समस्या से भी ग्रसित थे। इनमें से दो लोगों ने हर एक दिन के बाद पूरे 24 घंटे का उपवास रखा जबकि तीसरे ने हफ्ते में तीन दिन तक उपवास रखा। इस दौरान उन्होंने बहुत ही कम कैलोरी वाला पेय या खाद्य पदार्थ इस्तेमाल किया। लगभग दस महीने तक उन्होंने यह जारी रखा। इसके बाद उनकी रक्त शर्करा, वजन आदि की फिर से जांच की गई। उपवास शुरू करने के महीने भर के भीतर ही तीनों की इंसुलिन की जरूरत कम हो गई। दो व्यक्तियों ने मधुमेह संबंधी अन्य दवाएं लेना भी बंद कर दिया जबकि तीसरे ने चार में से तीन दवाइयां लेना बंद कर दिया। तीनों का दस से 18 फीसदी तक वजन कम हो गया। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि महज तीन मामलों पर आधारित इस शोध से कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

## फायदेमंद है सीरम, इस्तेमाल से पढ़ें ये



चेहरे की त्वचा शरीर के बाकी हिस्सों से ज्यादा संवेदनशील होती है लिहाजा इसे ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। अच्छी स्किन के लिए क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग का रूटीन नियमित रूप से फॉलो करना चाहिए। वहीं इस स्किन केयर रूटीन में सीरम को शामिल करना भी बहुत जरूरी है। अगर आपको लगता है कि सीरम की जरूरत नहीं तो पहले इसके फायदे जान लें...

### मिलता है बेहतर रिजल्ट

सीरम में सेरामाइड्स, ग्लिसरिन, के साथ खीरा, ऐलोवेरा और विटमिन सी, के, ई जैसे नैचरल इनग्रेडिएंट्स होते हैं। यह आपकी त्वचा में गहराई तक जाकर असर दिखाते हैं। सीरम में बाकी स्किन प्रॉडक्ट्स की अपेक्षा ऐक्टिव इनग्रेडिएंट्स का कॉन्संट्रेशन हाई होता है।

सीरम से अगर बेहतर रिजल्ट चाहिए तो इसे लगाने का तरीका भी पता होना चाहिए। सीरम सिर्फ सिक्के के बराबर लें। चेहरा साफ करने के के बाद ऐल्कोहॉल फ्री टोनर इस्तेमाल करें, सीरम लगाएं और इसे ऐसे ही छोड़ दें। इस तरह से इसमें मौजूद तत्व गहराई तक पहुंचेंगे। सीरम को पूरी तरह अवशोषित हो जाने दें इसके बाद मॉइश्चराइजर लगाएं। बाजार में अलग-अलग स्किन प्रॉब्लम्स के लिए अलग तरह के सीरम आते हैं। अपनी स्किन के हिसाब से सीरम का चुनाव करें।

## द स्काई इज पिंक की शूटिंग के लिए लंदन पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा



देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा, फरहान अख्तर और जायरा वसीम के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म द स्काई इज पिंक के अगले शेड्यूल की शूटिंग के लिए लंदन पहुंच चुकी हैं। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक फोटो शेयर की है जिसमें उनके साथ फरहान अख्तर और जायरा वसीम नजर आ रहे हैं। द स्काई इज़ पिंक के साथ प्रियंका हिन्दी फिल्मों में दो साल के बाद वापसी कर रही हैं।

## 'प्यार एक्चुअली' में रितेश के साथ नजर आएंगी दीपानिता शर्मा



अभिनेत्री दीपानिता शर्मा और अभिनेता रितेश देशमुख एक लघुफिल्म 'प्यार एक्चुअली' में आधुनिक जीवन शैली के माता-पिता की भूमिका में नजर आएंगे।

इस लघुफिल्म का निर्देशन आशीष पाटिल ने किया है।

दीपनिता ने कहा, ''यह चार शॉर्ट फिल्मों का संग्रह है। मैं इन चार में से जिस फिल्म में हूं, उसमें मेरे साथ रितेश देशमुख है। हम आधुनिक जीवनशैली के माता-पिता की भूमिका में हैं।''